2025 तक कई बार में लगभग 2 करोड़ 65 लाख 55 हजार रुपये जालसाज के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। इस दौरान जालसाज उन्हें रोजाना हजारों से लेकर लाखों रुपये तक मुनाफा दिखाता रहा। जब उन्होंने रुपये निकालने की बात कही तो वह पहले आनाकानी करने लगा। इसके बाद उसने अपना फोन ही बंद कर लिया। रिटायर्ड अधिकारी को अहसास हो गया कि उनके साथ ठगी हो गई है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# शहीदी दिवस पर 2 मिनट का रखा मौन



**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप-क्षेत्रीय कार्यालय में भारतवर्ष के स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान अपने प्राणों कि आहूति देने वाले शहीदों की याद में 02 मिनट का मौन रखा गया। बता दें कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गये दिशा निदेशों की विधिवत रूप से अनुपालना करते हुए उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में वीरवार को शहीदी दिवस दिवस मनाया गया। जिसमे कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव, संयुक्त निदेशक(प्रभारी) के साथ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि सभी सरकारी व केन्द्रीय कार्यालयों में भी इस तरह का आयोजन किया गया। सभी शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।